केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक-ए0/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800023

(Website : www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन संख्या 02/2019 पुलिस संगठन में सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सूचना

बिहार पुलिस संगठन में सिपाही पद पर नियुक्ति हेतु जारी किये गए विज्ञापन संख्या 02/2019 के क्रम में दिनांक 20.01.2020 (सोमवार) को दो पालियों में राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित लिखित परीक्षा अपरिहार्य कारणवश स्थगित की गयी थी । जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को पर्षद की वेबसाइट एवं राज्य के विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से दी जा चुकी है।

2. सूचित करना है कि दिनांक 20.01.2020 की स्थगित लिखित परीक्षा अब दिनांक **08.03.2020(रविवार)** को दो पालियों में क्रमशः पूर्वाहन 10:00 बजे से मध्याहन 12:00 बजे तक एवं अपराह्न 14:00 बजे से 16:00 बजे तक निर्धारित की गयी है । यह परीक्षा केवल उन अभ्यर्थियों के लिए है जिनकी परीक्षा दिनांक 20.01.2020 को थी । लिखित परीक्षा का ई-प्रवेश-पत्र पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर दिनांक **20.02.2020** से उपलब्ध रहेगा । उम्मीद्वार कृपया अपना ई-प्रवेश-पत्र स्वयं डाउनलोड कर लें । यहाँ स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश-पत्र डाक/पोस्ट/दूत के माध्यम से नहीं भेजा जायेगा ।

3. दिनांक 20.01.2020 की लिखित परीक्षा हेतु डाउनलोड किये गए ई-प्रवेश-पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों को दिनांक 08.03.2020 की लिखित परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा । अतः **अभ्यर्थी अपना नया ई-प्रवेश-पत्र पर्षद की वेबसाइट से अवश्य डाउनलोड कर लें** । पर्षद की वेबसाइट पर अनुक्रमांकवार परीक्षा केन्द्रों की सूची दी गयी है । अतः कृपया सुनिश्चित हो लें कि आपका ई-प्रवेश पत्र तदनुरूप है ।

4. दिनांक 08.03.2020 (रविवार) को निर्धारित लिखित परीक्षा के ई-प्रवेश-पत्र पर अंग्रेजी के बोल्ड अक्षरों में **NEW** छपा है । इसी नए प्रवेश-पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जायेगा।

5. यदि किसी परिस्थितिवश उम्मीद्वार ई-प्रवेश-पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें तो वे दिनांक 04.03.2020 एवं 05.03.2020 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बैक हार्डिग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना 800001 स्थित कार्यालय से अपने खर्चे पर डुप्लिकेट ई-प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं ।

6. यह सूचना पर्षद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करायी जा रही है ।

अध्यक्ष, 10/2

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार, पटना

पत्रांक-08/के0च0प0(सू0)

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक-ए0/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना 800023

दिनांक 10.02.2020